**आकाशवाणी शिमला**

**10.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**जीएसटी सुधार–हस्तशिल्प**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की। प्रधानमंत्री का अधिक कुशल और नागरिक–हितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का सपना तीन सितंबर को जीएसटी परिषद के आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति देने के साथ साकार हुआ। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों को कम करके नागरिकों का जीवन आसान बना दिया है। जीएसटी सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं और ये 22 सितंबर से लागू होंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने दिल्ली दौरे के दौरान आज 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात कर प्रदेश के हकों की पैरवी करेंगे। मुख्यमंत्री अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर प्रदेश के लिए अधिक वित्तीय सहायता का आग्रह करेंगे। इस दौरान उनका पार्टी हाईकमान से भी मिलने का कार्यक्रम है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान के लिए प्रधानमंत्री का 15 सौ करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए आभार जताया है। कांगड़ा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार ये पैसा पूरी ईमानदारी से आपदा प्रभावितों तक पहुंचाएगी।

और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश दोनों मिलकर के इस आपदा की घड़ी में हिमाचल प्रदेश के प्रभावित लोगों की मदद करेंगे और हिमाचल प्रदेश में जो डैमेजेस हुए हैं उसकी भरपाई के लिए काम करें और मैं समझता हूं कि आज तक के इतिहास में यह पहले प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी जी जो आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार दौरा करने के लिए आए और 1500 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष पैकेज के रूप में घोषित करके भी चले उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री जी प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करेंगे।

**राठौर**

विधायक व कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है जिसके लिए अवैध कटान और खनन पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा से किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिए भी कदम उठाए जाने चाहिए। राठौर ने कहा कि इस आपदा से निपटने के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे।

कोई भी राजनीतिक दल के लोग हों, इस आपदा से हमें किस तरह से निपटना है, उसके लिए मिलजुल के प्रयास करो और आज छोटी–छोटी बातों को छोड़कर हम सामूहिक प्रयास करें ताकि आने वाले समय में हम इस आपदा से निकलें और इस तरह की परिस्थितियां प्रदेश में बने कि हम इस तरह की आपदा का सामना कर सके।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को सिरमौर जिला में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सही आकलन कर पात्र व्यक्तियों को राहत दिलाने के लिए सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नाहन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ज़िला में मॉनसून से करीब 2 सौ 30 करोड़ रूपए का नुकसान आंका गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों को अवरूद्ध मार्गों को जल्द खोलने को भी कहा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना जताई है हालांकि विभाग ने 12 व 13 सितंबर को कई जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उधर कुल्लू ज़िला प्रशासन ने बंजार व मनाली उपमंडल में आज व कल सभी निजी व् सरकारी शिक्षण संस्थानों सहित आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।